थाने में शिकायत | खाली ट्रैक्टर किया जब्त, चालक से मारपीट और 25 हजार की मांग की, ग्रामीणों ने रेंजर कार्यालय का किया घेराव

# रेंजर पर तानाशाही व अवैध वसूली का आरोप



**बिजुरी, नवभारत 15 जनवरी।** जब व्यवस्था का रक्षक ही आमजन पर अत्याचार करने लगे, तो जनता का आक्रोश सड़कों पर उतरना स्वाभाविक हो जाता है। कुछ ऐसा ही दृश्य मंगलवार को बिजुरी वन परिक्षेत्र कार्यालय के सामने देखने मिला। क्षेत्रीय ग्रामीणों और ट्रैक्टर मालिकों ने रेंजर पवन ताम्रकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि रेंजर द्वारा नियमों की आड़ में खाली ट्रैक्टरों को अवैध रूप से जब्त किया जा रहा है और विरोध करने पर चालकों के साथ मारपीट की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कथित तानाशाही और अवैध वसूली से वे लंबे समय से परेशान हैं।

### रेंजर ने चालक को बनाया बंधक

मामले को लेकर ट्रैक्टर मालिक रवि सिंह बघेल ने बिजुरी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार उनका ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 65 जेडए 7949, जो अंचल ट्रेडर्स के लिए मटेरियल शिफ्टिंग और पानी सप्लाई के कार्य में लगा है, को वन कर्मियों ने रास्ते में रोक लिया। कर्मचारियों ने चालक ओम कुशवाहा से गाली-गलौज करते हुए 25 हजार रुपये की मांग की। शिकायत में यह भी कहा गया है कि पैसे देने से इनकार करने पर रेंजर ने कथित तौर पर चालक की पिटाई की और उसे कुछ समय तक बंधक बनाकर रखा।

### ग्रामीणों का आरोप- नियमों की आड़ में हो रही वसूली

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों और ट्रैक्टर मालिकों का कहना है कि बिना किसी वैध कारण के खाली ट्रैक्टरों को रोकना, जब्त करना और बाद में छोड़ने के बदले पैसे की मांग करना अब आम बात हो गई है। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी यदि इस मामले में दोषी अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

### शांतिपूर्ण प्रदर्शन में रेंजर मुर्दाबाद के लगे नारे

रेंजर कार्यालय के सामने दर्जनों ट्रैक्टरों के साथ पहुंचे ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया और रेंजर पवन ताम्रकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वन विभाग के कुछ अधिकारी अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर निर्दोष लोगों को प्रताड़ित कर रहे हैं, जिससे विभाग की छवि भी धूमिल हो रही है।

**जांच और कार्रवाई की मांग**

पीड़ित पक्ष ने बिजुरी थाना प्रभारी को आवेदन सौंपते हुए मांग की है कि चालक का मेडिकल परीक्षण कराया जाए, अवैध रूप से रोके गए वाहन को तत्काल मुक्त किया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले ने अब सामाजिक और राजनीतिक तूल पकड़ लिया है और वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## मुख्यमंत्री आज जारी करेंगे लाड़ली बहना योजना की राशि

**अनूपपुर, नवभारत।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 जनवरी को नर्मदापुरम जिले के माखन नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं गैस रिफिलिंग की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। इस अवसर पर राज्यभर की लाभार्थी महिलाओं को सीधे उनके बैंक खातों में राशि प्राप्त होगी। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया जाएगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले के ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सिंगल क्लिक कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही कार्यक्रम से जुड़ सकें।



## जैतहरी धान मंडी तक पहुंचे 3 हाथी

**ग्रामीणों में दहशत, फसलों को पहुंचाया नुकसान**

**अनूपपुर, नवभारत 15 जनवरी।** छत्तीसगढ़ सीमा से आए तीन हाथियों का समूह पिछले 24 दिनों से जैतहरी वन क्षेत्र में विचरण कर रहे है। बुधवार देर शाम यह दल धनगवां बीट के जंगल से निकलकर कई गांवों में घूमता हुआ देर रात नगर परिषद जैतहरी क्षेत्र में प्रवेश कर गया। हाथियों ने वार्ड क्रमांक 1, 2 और 3 के लाईनपार मोहल्ले में खेतों में लगी फसल और सब्जियों को नुकसान पहुंचाया और इसके बाद धान मंडी क्षेत्र तक पहुंच गए। धान मंडी के पास पहुंचकर हाथियों ने इलाके का निरीक्षण किया, लेकिन बड़ी संख्या में ग्रामीणों के एकत्र होकर शोर-शराबा करने के कारण वे वहां रखी धान को नुकसान नहीं पहुंचा सके। पूरी रात हाथी क्षेत्र में विचरण करते रहे।

### वन विभाग टीम सतर्क

जानकारी के अनुसार बुधवार को हाथियों का यह दल शाम को कुसुमहाई, पटौरा, टकहुली और लहरपुर होते हुए जैतहरी-वेंकटनगर मुख्य मार्ग पार कर नगर परिषद क्षेत्र में पहुंचा। हाथियों को अपने इलाके से दूर भगाने के लिए कई गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में जुटे। हाथियों ने भी अपनी सुरक्षा को देखते हुए कई बार दौड़ाने का प्रयास किया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल रहा। पूरी रात वन विभाग की टीम सतर्क रही।

# पकरिहा टीम की आसान जीत, वार्ड 6 भी विजयी

**मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता**



**कोतमा नवभारत 15 जनवरी।** मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन पांच मुकाबले खेले गए, जो काफी रोमांचक रहे। पहला मैच वार्ड 4 और बसखली के बीच खेला गया। बसखली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 50 रन बनाए। जवाब में और वार्ड 4 ने इस लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर जीत दर्ज की। संदीप वंशकार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच में सकोला ने पहले खेलते हुए 63 रन बनाए। 64 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 6 की टीम ने रोमांचक अंदाज में मैच जीत लिया। 40 रनों की धुआंधार पारी खेलने वाले उमंग धार्वे मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे मैच में पकरिहा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 60 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वार्ड 13 की टीम मात्र 34 रनों पर सिमट गई। पकरिहा ने यह मुकाबला 27 रनों के बड़े अंतर से जीता। अंकित को मैन ऑफ द मैच दिया गया। चौथे मैच में गोहंड्रा ने वार्ड 2 के सामने जीत के लिए 38 रन का लक्ष्य रखा। वार्ड 2 ने अंतिम ओवरों के रोमांच में इस लक्ष्य को प्राप्त कर जीत हासिल की।

## गणतंत्र दिवस पर अनूपपुर में रहेगा शुष्क दिवस

**अनूपपुर, नवभारत।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने मध्यप्रदेश शासन की आबकारी नीति 2025-26 के अंतर्गत जारी निर्देशों के अनुसार 26 जनवरी को सम्पूर्ण दिवस के लिए अनूपपुर जिले की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफएल-3 एवं देशी मद्य भाण्डागार बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार 25 जनवरी की रात 11.30 बजे से ही मदिरा विक्रय पर प्रतिबंध लागू हो जाएगा।

# परीक्षा के लिए बनाएं प्रभावी रणनीति : कलेक्टर

**अनूपपुर, नवभारत 15 जनवरी।** जिले में बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने शिक्षकों को अभी से और अधिक प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रभावी रणनीति के तहत मार्गदर्शन देकर बोर्ड परीक्षा की तैयारी कराई जाए।

कलेक्टर ने जिला पंचायत सभागार में शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान विभाग की संयुक्त बैठक में विद्यालयों के प्राचार्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्रैमासिक, अर्धवार्षिक एवं प्री-बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों का विश्लेषण कर प्रत्येक विद्यार्थी की कमजोरियों की पहचान की जाए। उन्होंने विशेष रूप से अंग्रेजी और गणित विषयों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता बताई, ताकि परीक्षा परिणाम में सुधार लाया जा सके।

### नोट्स तथा टेस्ट के संबंध में ली जानकारी

बैठक में कलेक्टर ने विद्यालयवार विद्यार्थियों की तैयारी, रिमेडियल क्लास, नोट्स तथा टेस्ट के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा में केवल एक माह शेष है और यह अंतिम समय अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए प्राचार्य एवं शिक्षक और अधिक मेहनत करें। साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित गतिविधि नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि गणित और अंग्रेजी विषयों पर विशेष फोकस दिया जाए।

# सूर्य मंदिर देवी तालाब के विकास की मांग



**सूर्य सेवा समिति ने नपा के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन**

**बिजुरी, नवभारत।** सूर्य मंदिर देवी तालाब पर विकास कार्य कराने को लेकर सूर्य सेवा समिति बिजुरी के अध्यक्ष विक्रम सिंह ने अपने साथियों के साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी बिजुरी के नाम सात बिंदुओं पर आधारित मांग-पत्र सौंपा। ज्ञापन नगर पालिका के वरिष्ठ राजस्व निरीक्षक लखनलाल पनिका को सौंपा गया।

जानकारी के अनुसार समिति द्वारा सूर्य मंदिर देवी तालाब के मंदिर के अंदर एवं बाहर ग्रेनाइट पत्थर लगवाने, सीढ़ियों की मरम्मत कराने, पूजा सामग्री एवं प्रसाद रखने के लिए कक्ष निर्माण तथा सूर्य मंदिर परिसर में यज्ञशाला निर्माण की मांग की गई है। इसके साथ ही देवी तालाब के उत्तरी हिस्से में श्रद्धालुओं के लिए शेड निर्माण, तालाब के तीनों ओर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम बनाने तथा तालाब के पश्चिमी हिस्से में रिटेनिंग वॉल की ऊंचाई बढ़ाते हुए आवागमन के रास्ते को सुगम बनाने की मांग भी समिति द्वारा रखी गई है।

### इनकी रही उपस्थिति

ज्ञापन सौंपने के दौरान समिति के सचिव राम विनय कुमार, कोषाध्यक्ष डीडी गिरि, पंकज पाण्डेय, मृगेन्द्र सिंह, तीरथप्रसाद मिश्रा, बालेन्द्र सिंह, समेश यादव, तेजभान सिंह, राहुल कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 4 नागरिकों को 2.50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता मंजूर

**अनूपपुर, नवभारत।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने गंभीर बीमारी एवं दुर्घटना से पीड़ित नागरिकों के उपचार हेतु मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश के स्वेच्छानुदान मद से जिले के चार जरूरतमंद व्यक्तियों को कुल 2 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जानकारी के अनुसार कलेक्टर ने अशोक कुमार साकेत निवासी वार्ड क्रमांक 9 इस्लामगंज कोतमा को गंभीर रीढ़ संबंधी रोग के उपचार हेतु 75 हजार रुपये, शशांक अग्रवाल निवासी वार्ड क्रमांक 6 बदरा बस स्टैंड जिला अनूपपुर को दुर्घटना में आई गंभीर चोटों के उपचार हेतु 50 हजार रुपये, प्रसाद सिंह पंवार निवासी ग्राम खाटी जिला अनूपपुर को सड़क दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट आने पर उपचार हेतु 75 हजार रुपये स्वीकृति दी है।

# सचिव पर पति के जरिए ठेकेदारी व अवैध वसूली का आरोप

**ग्राम पंचायत धूम्मा में आदिवासी महिला सरपंच हेमवती ने खोले राज, कार्रवाई नहीं होने पर उठने लगे सवाल**

**जमुना कोतमा नवभारत 15 जनवरी।** ग्राम पंचायत धूम्मा की आदिवासी महिला सरपंच हेमवती ने पंचायत सचिव सुषमा रानी पांडे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सरपंच का कहना है कि सचिव पंचायत के कार्यों को दबाव बनाकर अपने पति के माध्यम से ठेकेदारी गलत तरीके से करवाना चाहती हैं, जिससे नियमों और पारदर्शिता की खुली अनदेखी हो रही है

इस पूरे मामले को लेकर सरपंच हेमवती ने वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री बिसाहू लाल सिंह को लिखित शिकायत की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक बिसाहू लाल सिंह ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को बाकायदा पत्र लिखकर तत्काल जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। इसके बावजूद आज तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर रही है।

### मंत्री जायसवाल को भी की गई शिकायत

इसके साथ ही यह शिकायत कुटीर एवं ग्रामीण उद्योग मंत्री, स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारियों तक भी पहुंचाई गई है। सरपंच का दावा है कि अधिकारियों ने मौखिक रूप से जांच और सचिव को हटाने की आवश्यकता मानी, लेकिन व्यवहारिक स्तर पर कोई कदम नहीं उठाया गया

### लगातार अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश

लगातार अनदेखी से ग्राम पंचायत धूम्मा के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। अब सवाल यह है कि जब जनप्रतिनिधि, सरपंच और अधिकारी सभी कार्रवाई की बात कह रहे हैं, तो फिर भ्रष्टाचार के आरोपों पर कार्रवाई कब होगी?

**सचिव भुगतान के बदले मांग रही पैसे**

आदिवासी महिला सरपंच हेमवती ने बताया कि पंचायत में जिन कार्यों की स्वीकृति पहले ही हो चुकी है और जिनमें सचिव की कोई भूमिका नहीं है, उन कार्यों के भुगतान के बदले भी सचिव सुषमा रानी पांडे द्वारा पैसों की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की मांग न केवल नियमों के विरुद्ध है, बल्कि पंचायत व्यवस्था की छवि को भी नुकसान पहुंचाने वाली है।

# 70 प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवाओं को दिया जाए : मिश्रा

**अदानी पावर के नए पावर प्लांट प्रोजेक्ट्स को लेकर भगवा पार्टी ने उठाइ आवाज**



**अनूपपुर, नवभारत।** अनूपपुर जिले में प्रस्तावित टोरंट पावर और अदानी पावर के नए पावर प्लांट प्रोजेक्ट्स को लेकर एक ओर जहां बड़े निवेश और औद्योगिक विकास की उम्मीदें हैं, वहीं दूसरी ओर स्थानीय हितों की अनदेखी को लेकर आवाज़ें भी उठने लगी हैं।

इसी क्रम में भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) के जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल मिश्रा ने प्रशासन और संबंधित कंपनियों के समक्ष रोजगार, पुनर्वास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक न्याय से जुड़ी अहम मांगें रखी हैं। कन्हैया मिश्रा ने कहा कि अनूपपुर जिला पहले से ही अमरकंटक ताप विद्युत गृह चाचाई और मोजर बियर जैतहरी जैसे बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स का भार झेल रहा है। ऐसे में नए पावर प्लांट तभी स्वीकार्य होंगे जब उनका सीधा और ठोस लाभ स्थानीय जनता को मिलेगा।

### युवा विकास में भागीदार बने

उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित पावर प्लांट्स में कम से कम 70 प्रतिशत रोजगार स्थानीय युवाओं को योग्यता के आधार पर दिया जाए। साथ ही जिन युवाओं के पास तकनीकी दक्षता नहीं है, उनके लिए कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएं, ताकि स्थानीय युवा केवल दर्शक नहीं बनें, बल्कि विकास के सक्रिय भागीदार बन सकें।

**पेड़ों की कटाई के बाद पौधा रोपण किया जाए**

पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य के दौरान पेड़ों की कटाई होती है, तो उसके अनुपात में स्थानीय स्तर पर अनिवार्य पौधा रोपण किया जाए। यह प्रक्रिया केवल औपचारिकता न होकर दीर्घकालिक पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखकर की जानी चाहिए। भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के विषय में कन्हैया मिश्रा ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जिन लोगों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाए।

## पुलिस ने गुम मूक-बधिर युवक को परिजनों से मिलवाया

**अनूपपुर, नवभारत।** कोतवाली पुलिस ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए भटके हुए एक मूक एवं बधिर नवयुवक को उसके परिवार से सुरक्षित मिलवाने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार सोमवार 12 जनवरी की रात्रि करीब 8 बजे ग्राम सोनमौहरी में 20 वर्षीय मूक एवं बधिर युवक पिछले दो दिनों से भटकता हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में गठित टीम मौके पर पहुंची और युवक को सुरक्षित थाना कोतवाली लाया गया।

# मकर संक्रांति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम 18 को



**अनूपपुर नवभारत।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जिले में सांस्कृतिक उत्सव की भव्य झलक देखने को मिलेगी। आगामी 18 जनवरी रविवार को सर रिसोर्ट एंड फन सिटी, अमरकंटक रोड, सकरा (अनूपपुर) में एक रंगारंग सांस्कृतिक एवं मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए मनोरंजन, संगीत और स्वादिष्ट भोजन का अनूठा संगम लेकर आ रहा है। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण होंगे मुंबई के जूनियर शशि कपूर, जो अपने सशक्त अभिनय और मंचीय प्रस्तुति से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। संगीत की दुनिया के प्रसिद्ध गायक देबू चक्रवर्ती इंडियन आइडल फेम सीजन छह, भारत की शान सीजन तीन मं अपनी मधुर एवं ऊर्जावान गायकी से समां बांधेंगे। इनके अलावा कार्यक्रम में आकर्षक डांस परफॉर्मेंस एवं अन्य म्यूजिकल प्रस्तुतियां भी शामिल रहेंगी। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें दर्शकों के लिए स्वादिष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

# महिलाओं के हौसलों को मिली नई उड़ान



**ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हौसलों की उड़ान कार्यक्रम आयोजित**

**अनूपपुर नवभारत 15 जनवरी।** जिले में मकर संक्रांति के अवसर पर ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर स्व-सहायता समूहों द्वारा 'हौसलों की उड़ान' कार्यक्रम का सफल आयोजन बुधवार को किया गया।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला मिशन प्रबंधक तथा कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के नेतृत्व में सोन-तिपान संगम, सीतापुर बरबसपुर मेला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम जिला परियोजना प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह के निर्देशन एवं जिला जेंडर प्रभारी अंजू द्विवेदी के मार्गदर्शन में विकासखंड जैतहरी के प्रबंधक कन्हैया लाल पटेल के सहयोग से आयोजित किया गया।

**खिचड़ी का वितरण किया गया**

कार्यक्रम में सोन-तिपान संगम, सीतापुर बरबसपुर मेला परिसर में स्व-सहायता समूहों की महिलाओं एवं उनके परिवारजनों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रहीं। सहायक विकासखंड प्रबंधक जैतहरी संध्या मिश्रा एवं एकता संकुल संगठन की पूर्व अध्यक्ष रेखा द्विवेदी की उपस्थिति में मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में समूह की महिलाओं एवं उनके परिवारों के साथ गुड़, तिल एवं खिचड़ी का वितरण किया गया तथा पारंपरिक पतंगबाजी का आयोजन हुआ। पूरे आयोजन में उल्लास, आपसी सौहार्द एवं सांस्कृतिक रंग देखने को मिले।

मारपीट | इंगांराज विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कार्यवाही की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

# छात्रावास में घुसकर असम के छात्र से नाम पूछकर की मारपीट

**अनूपपुर नवभारत 15 जनवरी।** जिले के अमरकंटक में स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर के छात्र के साथ छात्रावास में घुसकर चार लोगों ने मारपीट करने के साथ गाली गलौज की।

इसकी शिकायत पीड़ित छात्र ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से करने के साथ ही अमरकंटक थाने दर्ज कराई है। बुधवार को छात्र-छात्राओं ने कार्यवाही की मांग को लेकर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कक्षा के बाहर प्रदर्शन भी किया। शिकायतकर्ता असम के तेजपुर के बालिपारा निवासी छात्र हीरोसज्योति दास एमए प्रथम वर्ष अर्थशास्त्र का छात्र हैं।



### जातिगत गाली गलौज भी की गई

छात्र ने शिकायत पत्र में उल्लेखित कर बताया कि 12 जनवरी की मध्य रात्रि गुरु गोविंद सिंह छात्रावास में वह अपने कमरे में बैठा हुआ था तभी अज्ञात चार-पांच छात्र वहां आ पहुंचे। उससे नाम पूछने के साथ ही किस क्लास में वह अध्यनरत है इसकी जानकारी ली और गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट की, जिससे छात्र के नाक में तथा आंख में चोट आई है। छात्र ने शिकायत में यह भी उल्लेखित किया है कि उसके साथ जातिगत गाली गलौज भी की गई।

### घायल छात्र का अस्पताल में चल रहा है इलाज

पीड़ित के एक करीबी दोस्त ने बताया कि कथित तौर पर पीड़ित को कुछ लोगों के एक ग्रुप ने रोका, जिन्होंने उसकी पहचान और मूल स्थान के बारे में पूछा, कहां से हो? सूत्रों का दावा है कि जब उन्हें पता चला कि वह असम से है, तो ग्रुप ने बिना किसी उकसावे के उस पर हिंसक हमला कर दिया। इस हमले के कारण, हिरोस ज्योति दास को गंभीर चोटें आईं।

**विश्वविद्यालय प्रबंधन ने जांच कमेटी गठित की**

बुधवार को इस मामले में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक के प्रशासनिक भवन के समीप पहुंचकर धरना प्रदर्शन करते हुए इस मामले पर कार्यवाही की मांग कुलपति तथा कुल सचिव से की। इसके साथ ही पीड़ित छात्रा ने अपने साथियों के साथ पहुंचकर अमरकंटक थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। इस मामले पर अमरकंटक थाना प्रभारी लाल बहादुर तिवारी ने कहा कि छात्र ने शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इसकी जांच के लिए कमेटी गठित की है, जिसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कार्रवाई की जा सकेगी।